Nikitha Mohan
IInd BA English

इंतज़ार

सूरज् को किरणों का
इंतज़ार है
चाँद को चाँद्नी का
इंतज़ार है
तारों को निशा का
इंतज़ार है
लेकिन हमें तो आपका
इंतज़ार है

कलियों को खिलने का
इंतज़ार है
बीजों को उगने का
इंतज़ार है
पेडों को डालियों का
इंतज़ार है
लेकिन हमें तो आपका
इंतज़ार है
नयनों को खुलने का
इंतज़ार है
कानों को सुनने का
इंतज़ार है
होंठों को मुस्कान का
इंतज़ार है
लेकिम हमें तो आपका
इंतज़ार है

हवा को झोंके का
इंतज़ार है
दिल को धडकन का
इंतज़ार है
चाहत को सफर का
इंतज़ार है
लेकिन हमें तो आपका
इंतज़ार है

चिड़िया को उड.ने का
इंतज़ार है
सावन को बरसने का
इंतज़ार है
नदियों को बहने का
इंतज़ार है
लेकिन हमें तो आपका
इंतज़ार है

Reshmi
II[nd] BA English

समय का सदुपयोग

समय सबसे बडा धन है ! ऐसा ठीक ही कहा गया है ! समय वह अमुल्य निधि है जिस पर हमारे जीवन पर हमारे जीवन की सकलता निर्भर करती है दारशनिकों ने जीवन को क्षणभंगुर कहा है इसकी तुलना प्रभात के तारे और पानी के बुलबुले से की गई है अतः यह प्रश्न उठ्ना स्वाभाविक है कि हम अपने जीवन को सफल कैसे बनाएँ ?इसका एक मात्र उपाय समय का सदुपयोग है

समय एक अमुल्य वस्तु है इसे काटने की वशत्ति जीवन को काट देती है खोया समय पुनः नहीं मिलाता ! दुनिया में कोई भी शक्ति ऐसी नहीं जो बीते हुऐ समय को वापस ला दे ! हमारे जीवन की सफलता– असफलता समय के सदुपयोग तथा दुरुपयोग पर निर्भर् करती है कबीर दास जी ने ठीक ही कहा है

"काल करै सो आज कर , आज करै सो अब

पल में परलै होयगी, बहुरि करैगो कब"!

हमारे देश में आधिकांश लोग समय का मुल्य नहीं समझते ! देर से उठना, व्यर्थ की बातचीत करना, खेल, शतरंज आदि में रुचि होना आदि के द्वारा समय को नष्ट करना उनकी आदत सी बन जाती है थदि हम मनोरंजन चाहते हैं तों पहले अपना काम पूरा करें ! बहुत से लोग समय को नष्ट करने में ही आनंद का अनुभव करते हैं ! मनोरंजन के नाम पर समय नष्ट करना बहुत बडी भूल है !

समय का सदुपयोग करने के लिए यह आवश्यक है कि हम अपने दैनिक कार्य को करने का समय निशिचत कर लें ! फिर उस कार्य को उसी समय में करने का प्रयत्न करं ! इस तरह का अभ्यास होने से हम समय का मुल्य समझ जाएंगे और देखेंगे कि हमारा जीवन निरंतर प्रगति की और बढ़ता जा रहा है समय का सदुपयोग करने से जीवन का पथ सरल हो जाता है ! सभी काम सुचारु रूप से निश्चित समय पर अनायास होते चलते हैं ! कसरत के लिए समय निकल आाता है और पठन–पाठन के लिए भी! यहीं नहीं, अपने व्यवसाय में भी हम पहले से कहीं अधिक कुशल व समक्ष् बन जाते हैं ! सारा उतावलापन व परेशानियाँ दूर हो जाती है ! हम अपने जीवन में सुख समृद्धि व शान्ति पाना चाहते है ! किंतु ये चीज़ें तब मिल जाती हैं, जब हम इनको पाने का निरंतर प्रयास करें !

महान व्यक्तियों के महान बनने का रहस्य समय का सदुपयोग ही है ! समय के सदुपयोग के द्वारा ही मनुष्य अमर कीर्ति का पात्र बन सकता है गांधीजी और नेहरुजी दोनों का जीवन प्रमाणित करता है कि थदि हम अपने समय का सोच – समझकर नियोजन कर लें और फिर उस पर दढ़ता से आचरण करें, तो अपने कार्यो के लिए हमें पर्याप्त समय मिलता रहेगा ! समय का सदुपयोग करना जिसने सीख लिया, उसनें जीने की कला सीख ली, सुख और समशद्धि के भंडार की कुंजी प्राप्त कर ली ! समय बहुत मूल्यवान है, इसे व्यर्थ नहीं करना चाहिए ! समय के सम्बन्ध में ठीक ही कहा है –

महान व्यक्तियों के महान बनने का रहस्य समय का सदुपयोग ही है ! समय के सदुपयोग के द्वारा ही मनुष्य अमर कीर्ति का पात्र बन सकता है गांधीजी और नेहरुजी दोनों का जीवन प्रमाणित करता है कि थदि हम अपने समय का सोच – समझकर नियोजन कर लें और फिर उस पर दढ़ता से आचरण करें, तो अपने कार्यो के लिए हमें पर्याप्त समय मिलता रहेगा !

क्षण को क्षुद्र न समझो भाई, यह जग का निर्माता है !